INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	Department: Hindi	Date-31.05.21
कार्य-पत्रिका-6	विषय:व्याकरण(वाक्य भेद & रूपांतरण)	Note: Pl. file in portfolio

1- मजदूर मेहनत करता है किंतु उसके लाभ से वंचित रहता है ।

क)मिश्र वाक्य

ख)संयुक्त वाक्य

ग)सरल वाक्य

घ)इनमें से कोई नहीं

2- हम सब पढ़ते हैं ।

क)सरल वाक्य

ख)मिश्रित वाक्य

ग)संयुक्त वाक्य

घ)इनमें से कोई नहीं

3- <u>जो अध्यापक हिंदी पढाते हैं</u>, वे मेरे पिता जी हैं l रेखांकित आश्रित उपवाक्य का भेद बताइए?

क)संज्ञा आश्रित उपवाक्य l

ख)विशेषण आश्रित उपवाक्य l

ग)क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य l

घ)इनमें से कोई नहीं l

4- वह तेज़ी से आया परंतु उसने कुछ नहीं कहा ।

क)सरल वाक्य

ख)मिश्र वाक्य

ग) संयुक्त वाक्य

घ) इनमें से कोई नहीं

5- संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए -

क)क्या मेरे बिना वह पढ़ नहीं सकता है ।

ख)मैं बजाता हूँ और वह गाता है ।

ग) परिश्रमी व्यक्ति ही सफलता प्राप्त करता है ।

घ) जो परिश्रम करता है, वही आगे बढ़ता है ।

6-सरल वाक्य का चयन कीजिए -

क)उसने कहा कि कार्यालय बंद हो गया ।

ख)सुबह हुई और वह आ गया ।

ग) जो बड़े हैं उन्हें सम्मान दो ।

घ) वह धीरे-धीरे लिखता है ।

7- मिश्र वाक्य का चयन कीजिए -

क)सूरज पूर्व से निकलता है ।

ख)वह कौन सा व्यक्ति है जिसने महात्मा गांधी का नाम ना सुना हो ।

ग) हम भोजन कर रहे हैं ।

घ) कहानी पूरी हो गई और मैं सोता ही रहा ।

8-जब तक वह घर पहुँचा तब तक उसके पिता जा चुके थे। रचना के आधार पर वाक्य भेद है ।

क)संयुक्त वाक्य

ख)मिश्र वाक्य

ग) सरल वाक्य

घ) इनमें से कोई नहीं

9-रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?

क)5

ख)4

ग) 2
घ) 3

10- तुलसीदास जी ने कहा है कि विनाश काल में मनुष्य की बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। रचना के आधार पर वाक्य भेद है ।

क)सरल वाक्य

ख)संयुक्त वाक्य

ग) मिश्र वाक्य

घ) इनमें से कोई नहीं

11) दीपक को फल खरीदने थे इसलिए वह बाज़ार गया **|** रचना के आधार पर वाक्य भेद है ।

क) संयुक्त वाक्य

ख) संकेत वाचक

ग) विधान वाचक

घ) मिश्र वाक्य

12) जब तक तुम जाओगे नहीं तब तक वह नहीं आएगा **|** रचना के आधार पर वाक्य भेद है ।

क) संयुक्त वाक्य

ख) सरल वाक्य

ग) मिश्रित वाक्य

घ) तीनों में से कोई नहीं

13) मैंने उसे उठाया और खाना खिलाया **|** रचना के आधार पर वाक्य भेद है ।

क) सरल वाक्य

ख) संयुक्त वाक्य

ग) मिश्रित वाक्य

घ) आज्ञावाचक वाक्य

14.'मैं जानती थी कि सुमन जरूर नृत्य करेगी **'** रेखांकित आश्रित उपवाक्य का भेद बताइए**?**

क)विशेषण आश्रित उपवाक्य
ख)क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
ग)सर्वनाम आश्रित उपवाक्य
घ)संज्ञा आश्रित उपवाक्य

15 . जब पानी बरसने लगा, तब मैं तुरंत लौट आया_।**'** रेखांकित आश्रित उपवाक्य का भेद बताइए**?**

क)विशेषण आश्रित उपवाक्य
ख)क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य
ग)संज्ञा आश्रित उपवाक्य
घ)सर्वनाम आश्रित उपवाक्य

16 . रचना या बनावट की दृष्टि से वाक्य का भेद नहीं है **-**

क)सरल वाक्य
ख)मिश्र वाक्य
ग)समूह वाक्य
घ)संयुक्त वाक्य

17 . 'बालक रो-रोकर चुप हो गया' रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

क)सरल वाक्य
ख)मिश्र वाक्य
ग)संयुक्त वाक्य
घ)समूह वाक्य

18 . सरल वाक्य का चयन कीजिए -

क)जो सच बोलता है वह कभी नहीं डरता।

ख)रमेश ने सुबह उठकर चाय पी ।

ग) तुम जाओ और राम को बुला लाओ।

घ) उपर्युक्त सभी ।

19 . 'राधा सेब और केला खाती है' रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

क)संयुक्त वाक्य

ख)मिश्र वाक्य

ग) समूह वाक्य

घ) सरल वाक्य

20. 'यह सब तब हुआ जब मैं घर पर नहीं था' रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

क)समूह वाक्य

ख)सरल वाक्य

ग) मिश्र वाक्य

घ) संयुक्त वाक्य

21 . 'आज धूप निकलने की संभावना है' इससे रूपांतरित मिश्र वाक्य होगा -

क)आज धूप निकल सकती है ।

ख)आज धूप और बारिश आने की संभावना है ।

ग) संभावना है कि आज धूप और बारिश आएगी ।

घ) संभावना है कि आज धूप निकले ।

22 . 'जापान में चाय पीने की एक विधि है जिसे चा-नो-यू कहते हैं'

इससे रूपांतरित सरल वाक्य होगा –

क) जपान में जो चाय पी जाती है उस विधि को चा-नो-यू कहते हैं ।

ख) जपान में चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहते हैं ।

ग) 'क' और 'ख' दोनों कथन सत्य हैं ।

घ) उपर्युक्त कोई नहीं ।

(उत्तर – 1.ख 2.क 3.ख 4.ग 5.ख 6.घ 7.ख 8.ख 9.घ 10.ग 11.क 12.ग
13.ख 14.घ 15.ख 16.ग 17.क 18.ख 19.घ 20.ग 21.घ 22.ख)

= =